# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

संख्या : 435-95/F0
दिनांक : 17-06-2022

सेवा में,

- समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
- निदेशक/प्रभारी/समन्वयक, स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
- अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
- कुलानुशासक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
- कार्य–अधीक्षक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
- मुख्य अभिरक्षिका, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
- समस्त अभिरक्षक/अभिरक्षिका, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
- निदेशक, सूचना प्रकाशन एवं जनसंपर्क केंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
- प्रभारी, द्वितीय परिसर, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
- ओ०एस०डी०–आई०एम०एस०, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**विषय : जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय प्रक्रिया सुनिश्चित किए जाने के संबंध में।**

**महोदय/महोदया,**

प्रायः देखा जा रहा है कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा उनके विभाग को आवंटित बजट के सापेक्ष से संबंधित क्रय की कार्यवाही जेम पोर्टल अथवा ई–टेण्डर के माध्यम से न करके, रु 20,000/– के अंतर्गत, टुकड़ों–टुकड़ों में अथवा कोटेशन के आधार पर की जा रही है। इस पर माननीय कुलाधिपति कार्यालय द्वारा कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त की गई है और इस पर स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

अतः उपरोक्त क्रम में, आपसे अपेक्षा की जाती है कि कृपया अपने विभाग/कार्यालय/संस्थान हेतु क्रय की कार्यवाही नियमानुसार जेम पोर्टल/ई–टेण्डर के माध्यम से ही कराना सुनिश्चित करें। यदि क्रय की जाने वाली सामग्री जेम पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है तो इस आशय का प्रमाण–पत्र देने के उपरान्त, सक्षम अधिकारी के अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात ही किसी अन्य माध्यम से क्रय की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। ऐसा न किये जाने की स्थिति में संबंधित उत्तरदायी होगा तथा इस प्रकार के क्रय से सम्बन्धित बीजक, भुगतान हेतु लेखा कार्यालय में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

भवदीया,

(हिमानी चौधरी)
वित्त अधिकारी

संख्या : ........................ दिनांक : ........................

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित**

1. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. लेखा अधिकारी/समस्त सहायक कुलसचिव लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. समस्त प्रधान–सहायक, कार्यालय अधीक्षक लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

(वित्त अधिकारी)